2/18/2022-23/भंडार

20 जून 2022

दर-सूची/निविदा आमंत्रण

इच्छुक होटलों से अनुरोध है कि वे भारत ईएमबीओ लैक्चर कोर्स दिनांक 17 से 23 नवम्बर 2022 हेतु बैठक स्थल को अंतिम रुप देने के लिए **30 दिनों की वैधता** के साथ स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक या सीधे मोहरबंद लिफाफे में दर सूची/निविदा (पत्राचार का कोई अन्य प्रकार स्वीकार्य नहीं होगा) भेज सकते हैं। पूरी अवधि के दौरान बैठक में लगभग 70 अतिथि (80 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय और 20 प्रतिशत भारतीय) होंगे। निविदा **7 दिनों** के भीतर अर्थात दिनांक 27 जून 2022 अपराह्न 3.00 बजे तक निदेशक, आईसीएमआर-एनआईएमआर, निदेशक कार्यालय, राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077 के नाम पर आमंत्रित की जाती हैं। कृपया मोहरबंद लिफाफे पर नियत तिथि के साथ इस **नंबर (2/18/2022-23/भंडार (होटल, ईएमबीओ)** का उल्लेख करें। स्थान की आवश्यकता का विवरण निम्नानुसार है:

- यह **दिल्ली अथवा गुरुग्राम** में स्थित एक पांच सितारा संपत्ति होनी चाहिए।
- इसमें एक एपीएआई (अमेरिकन प्लान ऑल इनक्लूसिव) दर का प्रस्ताव होना चाहिए, जिसमें दिनांक 17 नवम्बर 2022 से 10 सिंगल और 26 डबल ऑक्यूपेंसी रुम (कुल 36 कमरे) के लिए 6 रातों के लिए सभी कर शामिल हों और इनमें नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना, चाय, कॉफी कुकीज दिन में दो बार, पूरी अवधि के लिए क्लस्टर बैठने की क्षमता वाले लगभग 70 लोगों के लिए एक बैंकेट हॉल भी शामिल हो।
- इसमें विशाल एवं आलीशान कमरे होने चाहिए।
- समान उद्धृत दरों पर 5 सिंगल और 5 डबल कमरे जोड़ने हेतु दरों में लचीलापन होना चाहिए।
- इसमें लगभग 25 डबल आक्युपेंसी कमरों के लिए दो बिस्तरों की सुविधा होनी चाहिए।
- वैज्ञानिक पोस्टर सत्र, नेटवर्किंग लंच और डिनर आयोजित करने के लिए इसमें अलग खुले स्थान (बैंकट हॉल के अतिरिक्त) होना चाहिए।
- कार्यक्रम स्थल में हर जगह हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा होनी चाहिए।
- यह पूरी अवधि के लिए एक ही समय में अधिकतम 70 लोगों के लिए गोलमेज रात्रिभोज की मेजबानी करने में सक्षम होना चाहिए।
- इसमें लाइव काउंटर और ग्रिल की सुविधा के लिए भारतीय व्यंजनों सहित उच्च गुणवत्ता और बहु-देशीय/महाद्वीपीय व्यंजनों की विविधता की पेशकश की जानी चाहिए।
- इसके द्वारा कोविड-19 के संबंध में गृह मंत्रालय, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्युएचओ) द्वारा तैयार की गई सलाह/दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन होना चाहिए।

नोट : एनआईएमआर द्वारा संपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाएगा और प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान असंतोषजनक पाए जाने पर एल-1 पर विचार नहीं किया जाएगा।

20/6/22

अनुभाग अधिकारी (भंडार)

Seen
20/6/22